भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 982
05 फरवरी, 2026 को उत्तर देने के लिए

पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत संस्वीकृत ऋण

†982. श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेलः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के क्रेडिट-संबद्ध राजसहायता घटक के अंतर्गत संस्वीकृत ऋण की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) उक्त लाभार्थियों में से महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी कितनी है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) एवं (ख): प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत, 31 दिसंबर 2025 तक 1,72,707 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को ऋण से जुड़ी सब्सिडी घटक के तहत ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 43.6% (75,456) हिस्सा महिला नेतृत्व वाले सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के लिए हैं।

*****